हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 23 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ हरियाणा में मेट्रो के विस्तारीकरण और आरआर टी एस परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए चर्चा की ।मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि दिल्ली हवाई अड्डे से गुरुग्राम-फरीदाबाद-जेवर हवाई अड्डे को जोड़ने के लिए आरआरटीएस की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इसी प्रकार, दिल्ली के सराय काले खां से करनाल तक आरआरटीएस, गुरुग्राम से बाढसा के एम्स तक मेट्रो लाइन को जोड़ने पर चर्चा हुई ।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मैट्रो को गुरुग्राम के पालम विहार से हवाई अड्डे को जोड़ने पर अध्ययन किया जाएगा और दो अलग अलग लाइन बिछाने की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, बहादुरगढ़ से असौदा मेट्रो लाईन का अध्ययन, बल्लभगढ़ से पलवल, गुरुग्राम के सेक्टर-9 से बाढसा एम्स तक तथा दिल्ली के ढांसा से बाढसा एम्स का अध्ययन, करवाया जाएगा।श्री मनोहर लाल ने कहा कि सराय काले खां से पानीपत तक जाने वाली आरआरटीएस को करनाल तक बढ़ाने का अध्ययन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, सराय काले खां से धारूहेड़ा तक जाने वाली आरआरटीएस को बावल व राजस्थान के शाहजहांपुर तक शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-56 से पंचगांव तक की प्रस्तावित मेट्रो लाईन को बिछाने का खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और इसकी परियोजना की डीपीआर प्राप्त होने के बाद मंजूरी केंद्रीय मंत्रालय द्वारा 15 दिन के भीतर दे दी जाएगी।

....

हरियाणा सरकार पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को देखते हुए पराली जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। वहीं कई जागरूक किसान पराली का अपने खेतों में निस्तारण कर भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ सरकार की प्रोत्साहन राशि का भी फायदा उठा रहे हैं और अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बने हैं। कुरुक्षेत्र के गांव सिरसमा के प्रगतिशील किसान राजीव गोयल भी पराली का निस्तारण खेत में ही कर रहे हैं।

कुरुक्षेत्र के उपायुक्त राजेश जोगपाल ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले में आगजनी की घटनाओं को लेकर 58 किसानों पर 1 लाख 45 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है और उनके फार्म रिकॉर्ड में लाल इंदराज किया गए है। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान पराली में आगजनी की सूचना पुलिस हेल्पलाइन न. 112 पर भी दे सकता है

****

हरियाणा में दिवाली की छुट्टी अब एक नवंबर की जगह 31 अक्तूबर को होगी। सरकार ने इस संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा के सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्ड, निगमों, शिक्षण संस्थानों में अब 31 अक्तूबर को दिवाली

की छुट्टी रहेगी । पहले छुट्टी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। वहीं स्कूली शिक्षा निदेशालय ने भी एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि अब शिक्षण संस्थानों में छोटी दिवाली की छुट्टी 30 अक्तूबर को होगी।

****

अम्बाला छावनी के नागरिक अस्पताल में गुर्दे के मरीजों के लिए निशुल्क डायलिसिस की सुविधा शुरू हो गई है।

जिला सिविल सर्जन डा. राकेश सहल ने बताया कि अम्बाला सिविल अस्पताल में 18 अक्तूबर को गुर्दे के मरीजों का निशुल्क डायलिसिस करने के आदेश प्राप्त हुए हैं। आदेश के बाद अम्बाला छावनी के नागरिक अस्पताल में डायलिसिस करने के लिए विशेष कक्ष स्थापित किया गया। इस वार्ड में 14 आधुनिक मशीनों को स्थापित की गई। वार्ड में डायलिसिस करने से सम्बन्धित तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इन मशीनों के जरिए रोजाना 30 से 40 मरीजों का निशुल्क डायलिसिस किया जा रहा है।